भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाषः 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल- moef.ddn@gov.in

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE
INTEGRATED REGIONAL OFFICE, DEHRADUN
25 SUBHASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8B/UCP/09/112/2021/FC/1254 दिनांकः 20/12/2022

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय : जनपद –चम्पावत के अंतर्गत नगर पंचायत, बनबसा एवं नगर पालिका परिषद्, टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रेचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु 0.80 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु नगर पंचायत, बनबसा को प्रत्यावर्तन। (online no. FP/UK/Others/33662/2018)

सन्दर्भः– वन संरक्षक, कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड का पत्रांक – 1350/FP/UK/ Others/33662/2018 दिनांक 01-12-2022

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 29.11.2021 का उत्तर राज्य सरकार के सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत किया है जिसके अवलोकन उपरान्त यह पाया गया है कि प्रस्तावित क्षेत्र वन क्षेत्र से जुड़ा हुआ है और पूरे क्षेत्र को CAMPA या राज्य में अन्य कार्यक्रमों के तहत एक घने वन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सकता है एवं क्षेत्र में वन्य जीवन को भी समृद्ध किया जा सकता है।

प्रस्तावित non site-specific परियोजना के लिये वन भूमि के चयन हेतु प्रदान किया गया औचित्य पर्याप्त प्रतीत नहीं होता है। आस–पास काफी गैर–वन क्षेत्र उपलब्ध है जिसको इस परियोजना के लिये चयनित किया जा सकता है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि इस non site-specific प्रस्तावित परियोजना के लिये गैर–वन भूमि का चयन करने का कष्ट करें साथ ही ऑनलाईन भाग I के पैरा H में आवश्यक सुधार करने का कष्ट करें।

तत्पश्चात् ही प्रस्ताव पर अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी।

भवदीय

20.12.22

(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)
सहायक महानिरीक्षक (वन)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड़, देहरादून।

(गजेंद्र प्रकाश नरवणे)
सहायक महानिरीक्षक (वन)